फर्द अहकाम 2020/00237

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट

श्री नेमीचन्द जैन पुत्र श्री रायचन्द जैन
जाति जैन
निवासी सिरोही रोड़ तहसील पिण्डवाड़ा
जिला सिरोही।

बनाम

अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड़ अधिकारी सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 39 वर्ष 2020

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10.08.2020 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्व सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी को दिनॉक 05.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि उसके द्वारा दिनांक 17.06.2019 को मोजा कालन्द्री में अतिक्रमण हटाकर कब्जा सुपुर्दगी की कार्यवाही विकास अधिकारी पंचायत समिति सिरोही द्वारा बिना आदेश के करने की जांच करवाई जाकर प्रार्थी को सूचित करने हेतु से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं ।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी को दिनॉक 05.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि उसके द्वारा दिनांक 17.06.2019 को मोजा कालन्द्री में अतिक्रमण हटाकर कब्जा सुपुर्दगी की कार्यवाही विकास अधिकारी पंचायत समिति सिरोही द्वारा बिना आदेश के करने की जांच करवाई जाकर प्रार्थी को सूचित करने हेतु से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स[illegible] आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल[illegible] नंबर [illegible] हो ।<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal<br>Date: 2021.01.12 16:48:46 IST<br>Reason: SelfAttested<br><br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | 284-85<br>13/8/20 |

Scanned with CamScanner